गज़ब किया छोटे से श्याम ने

लाखो को तार दिया श्याम ने ,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,
छोटे से श्याम ने राधा के श्याम ने,
लाखो को तार दिया श्याम ने ,
यशोदा को तार दियां श्याम ने,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,

अघासुर को मार दियां बकासुर को मार दियां,
पूतना को मार दिया श्याम ने,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,

कालियाँ को नाथ लियाँ और फन पर नाच किया,
गोवर्धन उठा लिया श्याम ने,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,

गोपियों को तार दियां ग्वालो को तार दियां,
सुदामा को तार दिया श्याम ने,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,

मीरा को तार दियां नरसी को तार दियां,
कुब्जा को तार दियां श्याम ने,
गज़ब किया छोटे से श्याम ने,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10538/title/lakho-ko-taar-diyan-shyam-ne-gazab-kiya-chote-se-shyam-ne

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |